पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल से मिले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

कुलपति सम्मेलन एवं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन पर हुई चर्चा

लखनऊः 04 जून, 2019

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक से आज प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुष्प गुच्छ एवं पुस्तक 'उत्तर प्रदेश के प्राणी उद्यान' की प्रति भेंट कर मुलाकात की। राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने प्रदेश से संबंधित विभिन्न विषयों सहित 9 जून 2019 को प्रस्तावित 'कुलपति सम्मेलन' एवं 21 जून 2019 को आयोजित होने वाले 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' के आयोजन पर भी चर्चा की। 'कुलपति सम्मेलन' एवं 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' दोनों कार्यक्रम राजभवन में होने प्रस्तावित हैं।

उल्लेखनीय है कि राज्यपाल राज्य विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति हैं। विश्वविद्यालयों में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने एवं सत्र नियमतिकरण सहित महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हेतु राज्यपाल की अध्यक्षता में प्रतिवर्ष दो बार कुलपति सम्मेलन आयोजित किये जाते हैं। इसी प्रकार राजभवन में गत दो वर्षों से 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' समारोह से संबंधित कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' की पाश्र्वभूमि में 7 जून 2017 को राजभवन में योग दिवस का पूर्वाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया था जिसमें राज्यपाल सहित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राज्य मंत्रिमण्डल के सदस्यगण एवं बड़ी संख्या में योग साधको ने योग किया तथा 21 जून 2017 को लखनऊ में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के उपस्थिति में भव्य 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' का आयोजन हुआ। 21 जून 2018 को राजभवन में आयोजित 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' समारोह में राज्यपाल श्री राम नाईक, केन्द्रीय गृह मंत्री श्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश मंत्रिमण्डल के सदस्यगण, योग साधकों सहित बड़ी संख्या में विशिष्टजन उपस्थित थे।

अंजुम/ललित/राजभवन (189/5)